>

Title: Need to establish model school in each block of Sultanpur district, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर शिक्षा की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। प्रतिभाशाली ग्रामीण छात्रों के अध्ययन हेतु प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा हेतु उच्च श्रेणी के शिक्षण संस्थाओं का यहां अभाव है। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का तो पूर्णतः अभाव है, जिसके कारण प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। सुल्तानपुर जनपद में 14 विकास खण्ड है, जिसमें से 13 विकास खण्डों को शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ विकास खण्ड चिन्हित किया गया है यानि कि 92.85 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है।

इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं की कमी नहीं है किंतु स्तरीय शिक्षण संस्थाओं के अभाव में इनका समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। इनमें से अधिकांश प्रतिभाशाली छात्र/छात्राएं आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार से होने के कारण बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने की स्थिति में नहीं है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा शैक्षिक रूप से पिछड़े विकास खण्डों में माडल स्कूल खोलने की योजना के अंतर्गत मेरे जनपद-सुल्तानपुर के 3 विकास खण्डों में स्वीकृति प्रदान की गई है।

मेरा अनुरोध है कि सुल्तानपुर जनपद के शेष 10 विकास खण्डों में भी माडल स्कूल स्वीकृत करें, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं के साथ न्याय हो सके।